## पेज 231

**प्रश्न 1:**

वृहत पोषक क्या हैं और इन्हें वृहत पोषक क्यों कहते हैं?

**उत्तर 1:**

पौधों की वृद्धि के लिए पोषक 16 तत्वों की आवश्यकता होती है। इनमें से 13 पोषकों को पौधे मिट्टी से प्राप्त करते हैं। मिट्टी से प्राप्त होने वाले पोषकों में से 6 पोषकों की अधिक मात्रा में आवश्यकता होती है। जिन्हें वृहत पोषक कहते हैं। ये वृहत 6 पोषक नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटैशियम, कैल्सियम, मैग्नीशियम और सल्फर हैं।

**प्रश्न 2:**

पौधे अपना पोषक कैसे प्राप्त करते हैं?

**उत्तर 2:**

पौधे अपना पोषक वायु, पानी और मिट्टी से प्राप्त करते हैं। हवा, पानी तथा मिट्टी से प्राप्त होने वाले पोषक निम्नलिखित हैं:

| स्रोत | पोषक | |
|---|---|---|
| हवा | कार्बन , ऑक्सीजन | |
| पानी | हाइड्रोजन, ऑक्सीजन | |
| मृदा | वृहत पोषक: नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटैशियम, कैल्सियम, मैग्नीशियम और सल्फर | सूक्ष्म पोषक: आयरन, मैंगनीज, बोरॉन, जिंक, कॉपर, मालिब्डेनम और क्लोरीन |